**CBSE कक्षा 11 इतिहास**
**सैंपल पेपर्स 01**

---

**समय : 3 घंटे अधिकतम अंक : 80**
**सामान्य निर्देशः**

i. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने लिखे हैं।
ii. 2 अंक वाले प्रत्येक प्रश्न (खण्ड 'क' प्रश्न संख्या 1 से 4) का उत्तर 30 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिये।
iii. 4 अंक वाले प्रत्येक प्रश्न (खण्ड 'ख' प्रश्न संख्या 5 से 9) का उत्तर 100 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिये।
iv. खण्ड 'ख' प्रश्न संख्या 10 मूल्य आधारित अनिवार्य प्रश्न है।
v. 8 अंक वाले प्रत्येक प्रश्न (खण्ड 'ग' प्रश्न संख्या 11 से 15) का उत्तर 350 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिये।
vi. खण्ड 'घ' के प्रश्न (16 से 18) तीन स्रोतों पर आधारित है।
vii. खण्ड 'ड़' मानचित्र वाला प्रश्न (संख्या 19) है। मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न करें।

---

**खण्ड - 'क'**

**I. नीचे दिए गए सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

1. आल्टामीरा किस देश में स्थित है और इस गुफा का क्या महत्व है।
2. सन् 622 ई. का इस्लाम के इतिहास में क्या महत्व है?
3. मार्टिन लूथर कौन था? उनके कैथोलिक चर्च के विरूद्ध आन्दोलन को क्या कहा जाता है।
4. 'टेरा न्यूलिअस से क्या अभिप्राय है? आस्ट्रेलिया के संदर्भ में उत्तर दीजिए।

**खण्ड - 'ख' (अनुभाग-I)**

**II. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही चार के उत्तर दीजिए**

5. रोमन साम्राज्य में दासों की स्थिति का वर्णन कीजिए।
6. सीधे खड़े होकर चलने की क्षमता किस प्रकार आदिकालीन मानव के लिए लाभदायक सिद्ध हुई। स्पष्ट कीजिए।
7. रोमन साम्राज्य में तीसरी सदी का संकट क्या था? स्पष्ट कीजिए।
8. चौदहवीं-पंद्रहवी शताब्दियों में इटली की वास्तुकला तथा इस्लामी वास्तुकला की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।
9. नहर और रेलवे परिवहनन के सापेक्षिक लाभ क्या-क्या हैं?

**अनुभाग-II (मूल्य आधारित)**

10. एजटेक लोग इस बात का पूरा-पूरा ध्यान रखते थे कि उनके सभी बच्चे स्कूल अवश्य जाएँ। कुलीन वर्ग के बच्चे (कालमेकाक)

(CalmeCase) में भर्ती किए जाते थे जहाँ उन्हें सेना अधिकारी और धार्मिक नेता बनने के लिए प्रशिक्षित किया जाता था। बाकी सारे बच्चे पड़ोस के तेपोकल्ली स्कूल (tepochacalli) में पढ़ते थे जहाँ उन्हें इतिहास, पुराण-मिथकों, धर्म और उत्सवी गीतों की शिक्षा दी जाती थी। लड़कों को सैन्य प्रशिक्षण, खेती और व्यापार सिखाया जाता था और लड़कियों को घेरलू काम-धंधों में कुशलता प्रदान की जाती थी |

प्र. एजटेक लोगों द्वारा सभी के लिए समान शिक्षा प्रणाली न अपनाने के पीछे क्या मूल्य थे?

**खण्ड - 'ग'**

III. **निम्नलिखित में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

11. मेसोपोटामिया की सभ्यता की प्रमुख उपलब्धियों का वर्णन कीजिए।
12. चंगेज खान की सैनिक उपलब्धियाँ किस प्रकार उसके स्टेपी क्षेत्र की युद्धशैली के आयामों को आवश्यकतानुसार परिवर्तित करके उनको प्रभावशाली रणनीति में बदल पाने का परिणाम थीं?
13. "दक्षिणी अमरीका की खोज ने अनेक रूपों में यूरोपीय उपनिवेशवाद को प्रोत्साहित किया’ समीक्षा कीजिए।
14. ब्रिटेन में स्त्रियों के भिन्न-भिन्न वर्गों के जीवन पर औद्योगिक क्रान्ति का क्या प्रभाव पड़ा?
15. मेज़ी पुनर्रुथापना से पहले की वे अहम घटनाएँ क्या थीं, जिन्होंने जापान के तीव्र आधुनिकीकरण को सम्भव किया? वर्णन कीजिए।

**खण्ड - 'घ'**

16. निम्नलिखित अनुच्छेदों को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

**कुरान शरीफ**

अरबी भाषा में रचित कुरान 114 अध्यायों (सूराओं) में विभाजित हैं, जिनकी लम्बाई क्रमिक रूप से घटती जाती है। इस प्रकार आखिरी सूरा सबसे छोटा है। इसका अपवाद केवल पहला सूरा है, जो एक संक्षिप्त प्रार्थना है। मुस्लिम परम्परा के अनुसार, कुरान उन संदेशों का संग्रह है, जो खुदा ने पैगम्बर मुहम्मद को 610 ई. से 632 ई. के बीच की अवधि में पहले मक्का में और फिर मदीना में दिए थे। इन रहस्योद्घाटनों को संकलित करने का कार्य किसी समय 650 ई. में पूरा किया गया था। आज जो सबसे प्राचीन संपूर्ण कुरान हमारे पास है, वह नौवीं शताब्दी का है। ऐसे बहुत से खण्ड है जो इससे पुराने हैं। जो सबसे पहले के हैं, वे हैं चट्टान के गुम्बद और सातवीं शताब्दी के सिक्कों पर उत्कीर्ण पद।

i. मुस्लिम परम्परा के अनुसार कुरान क्या है?
ii. सबसे प्राचीन संपूर्ण कुरान किस समय की है?
iii. कुरान की भाषा तथा अध्यायों की विशेषताएँ लिखिए।

17. बेनेडिक्बेन मठों में भिक्षुओं के लिए एक हस्तलिखित पुस्तक होती थी जिसमें नियमों के 73 अध्याय थे। इसका पालन भिक्षुओं द्वारा कई सदियों तक किया जाता रहा। इस पुस्तक के कुछ नियम इस प्रकार है-
अध्याय 6 : भिक्षुओं को बोलने की आज्ञा कभी-कभी ही दी जानी चाहिए।

अध्याय 7 : विनम्रता का अर्थ है आज्ञा पालन |

अध्याय 33 : किसी भी भिक्षुक को निजी संपत्ति नहीं रखनी चाहिए।

अध्याय 47 : आलम्य आत्मा का शत्रु है, इसलिए भिक्षु एवं भिक्षुणियों को निश्चित समय में शारीरिक श्रम और निश्चित घंटों में पवित्र पाठ करना चाहिए।

अध्याय 48 : मठ इस प्रकार बनाना चाहिए कि आवश्यकता की समस्त वस्तुएँ - जल, चक्की, उद्यान, कार्यशाला सभी उसकी सीमा के अंदर हों।

i. किन्हीं दो मध्यकालीन प्रमुख मठों के नाम लिखिए।
ii. निजी संपत्ति संबंधी नियम किस अध्याय में दिया गया है?
iii. भिक्षुओं के लिए हस्तलिखित पुस्तक में दिए गए किन्हीं दो नियमों का वर्णन कीजिए।

18. इनका जन्म एक गरीब सामुराई परिवार में हुआ। इनकी शिक्षा नागासाकी और ओसाका में हुई। इन्होंने डच और पश्चिमी विज्ञान पढ़ा और बाद में अंग्रेजी भी। 1860 में वे अमरीका में पहले जापानी दूतावास में अनुवादक के रुप में गए इससे इन्हें पश्चिम पर किताब लिखने के लिये बहुत कुछ मिला। उन्होंने अपने विचार क्लासिकी नहीं बल्कि बोलने चालने के अंदाज में लिखे यह किताब बहुत ही लोकप्रिय हुई। इन्होंने एक शिक्षा संस्थान स्थापित किया जो आज केओ विश्वविद्यालय के नाम से जाना जाता है। वे मेरोकुशा संस्था के मुख्य सदस्यों में से थे । ये संस्था पश्चिमी शिक्षा का प्रचार करती थी |


i. फुकु जावा यूकिची जापान के किस काल के प्रबुद्ध बुद्धिजीवियों में से एक थे?
ii. मेरोकुशा कौन थे? वे पश्चिमी शिक्षा का प्रचार क्यों करते थे? वर्णन कीजिए।
iii. उपर्युक्त विचारों के अतिरिक्त पश्चिमीकरण और परम्परा संबंधी अन्य विचारों का वर्णन कीजिए।

**खण्ड – 'ड़'**

19.

1. आस्ट्रेलिया के दिए गए मानचित्र पर निम्नलिखित स्थलों को अंकित कीजिए।

# आस्ट्रेलिया





i. डार्विन,

ii. पर्थ

2. यूरोप के दिए गए मानचित्र पर, 1-3 तक प्रमुख स्थान अंकित किए गए हैं, इन्हें पहचान कर उनके नाम अंकित कीजिए।

## यूरोप




**Answers**

1. स्पेन में। यहाँ प्रारम्भिक मानव द्वारा की गई जानवरों की चित्रकारियाँ मिलती है।
2.
   i. सन् 622 ई. में पैगम्बर मुहम्मद अपने अनुयायियों के साथ मक्का से मदीना गए।
   ii. हिजरी सन् का आरम्भ हुआ।
3. एक जर्मन युवा भिक्षु प्रोटैस्टेंट सुधारवाद।
4. सरकार आस्ट्रेलिया की जमीन को टेरा न्यूलिअस कहती थी। इसका अर्थ है - जो किसी की नहीं है।
5.
   i. दास पूंजी निवेश के रुप में, उच्च वर्ग द्वारा दासों के साथ क्रूरतापूर्ण व्यवहार, साधारण लोगों का व्यवहार सहानुभूतिपूर्ण,

कृषि कार्य में उपयोग, फैक्टरियों में कार्य करना पड़ता था।

ii. दास प्रजनन, दागने की प्रथा, जंजीर डालकर, समूह बनाकर कड़ी निगरानी में कार्य पर लगाया जाना, कड़ा निरीक्षण, ऋण संविदा।

6. हाथ बच्चों या चीजों को उठाने के लिए मुक्त।
दो पैरों पर चलने की कुशलता का बढ़ना।
कम शारीरिक ऊर्जा की खपत |
दूर तक देख सकना (खड़े होकर)।

7. 230 के दशक में रोम साम्राज्य को कई मोर्चों पर जूझना पड़ा।
    i. ससानियों द्वारा पूर्वी राजधानी एंटीऑक पर कब्जा
    ii. 60,000 रोमन सेना का सफाया
    iii. जमर्न मूल की जनजातियों द्वारा राइन और डन्यूब नदी क्षेत्रों पर कब्जा
    iv. काला सागर से आल्पस और दक्षिणी जर्मनी प्रांतों पर बार-बार आक्रमण
    v. राजनीतिक तनाव - 47 वर्षों में 25 सम्राट सत्तासीन

8. रोमन (इटली) वास्तुकला
    i. मेहराब, गुम्बद, तोरण, स्तम्भ, संगमरमर, सिमेंट का प्रचलन
    ii. कंकरीट का प्रयोग, ईंट और पत्थर को जोड़ने की कला
    iii. डाट और गुम्बद का प्रयोग, पुल, द्वार, विजय स्मारक आदि में
    iv. संगमरमर की पट्टियों को दीवार पर लगाने की कला
    v. भित्ति-चित्र बनाने की कला में विशेष निपुणता

    **इस्लामी वास्तुकला**
    i. रोमन वास्तुकला से प्रभावित
    ii. मेहराबें, गुम्बद, मीनार तथा खुले आँगन इस्लामी इमारतों की विशेषता
    iii. मस्जिद, इबादतगाह और मकबरों का निर्माण
    iv. खुले आँगन में जलाशय और फववारा
    v. दीवार में मेहराब मक्का (किबला) की दिशा का सूचक

9. नहर परिवहन के सापेक्षिक लाभ
    i. भारी माल सड़क की अपेक्षा कम समय में अधिक दूरी तक
    ii. कम खर्चीला
    iii. जनसामान्य के लिए आवगमन के लिए सस्ता साधन
    iv. नये-नये शहरों में बाजारों का विकास, व्यापार-वाणिज्य का विस्तार
    v. परिवहन खर्च कम होने के कारण खाद्य सामग्री, कोयला आदि के मूल्यों में कमी

    **रेलवे परिवहन को सापेक्षिक लाभ**
    i. कम समय और कम खर्च में माल की दुलाई सम्भव

ii. सभी परिस्थितियों में वर्ष भर रेल परिवहन की उपलब्धता
iii. माल और यात्री दोनों को ढ़ो सकती थी
iv. औद्योगीकरण को गति और रोजगार के अवसरों में वृद्धि

10.

i. ताकि शिक्षा द्वारा समाज अच्छी तरह प्रगति कर सके।
ii. कुलीन वर्ग के बच्चों को सैन्य अधिकारी और धार्मिक नेता बनाना।
iii. साधारण वर्ग को खेती, व्यापार की शिक्षा।
iv. समाज को श्रेणीबद्ध करना।
v. व्यक्तिगत प्रतिभा का विकास करना।
vi. लड़कियों को घरेलू काम-धंधों, खेती और व्यापार में कुशलता प्रदान करना |

11.

i. काल गणना
ii. गणित की विद्वतापूर्ण परम्परा
iii. विद्यालय जैसी संस्थाएँ
iv. शहरी जीवन, सामाजिक व्यवस्था, विवाह, उत्तराधिकार के नियम
v. मोहरें
vi. अर्थव्यवस्था, उन्नत बाजार
vii. कुशल परिवहन व्यवस्था, सुव्यवस्थित प्रशासन
viii. मंदिरों का निर्माण

12.

i. मंगोल और तुर्कों के घुड़सवारी कौशल ने सेना को गति दी
ii. तीरंदाजी का अद्भूत कौशल
iii. मौसम की जानकारी
iv. घेरा बन्दी, गुरिल्ला युद्ध प्रणाली
v. हल्के चल उपस्कारों का निर्माण
vi. जमे हुए पानी (नदियों के) का राजमार्ग के रूप में प्रयोग
vii. अन्य बिन्दु

13.

i. स्पेन और पुर्तगाल को विशाल भाग में सोने चाँदी की उपलब्धि से प्रभावित, इंग्लैंड, फ्रॉस, हॉलैंड और इटली जैसे देश दक्षिणी अमरीका में अपनी बस्तियाँ बसाने को तैयार
ii. यूरोपीय देशों द्वारा उत्तरी और दक्षिणी अमरीका को विभिन्न क्षेत्रों में विभक्त कर अपना अधिकार स्थापित करना
iii. यूरोपीय देशों में सोने-चाँदी की बाढ़ सी आ गई
iv. अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार और औद्योगीकरण का विस्तार

v. यूरोपीय देशों में मशीनों से विशाल मात्रा में माल तैयार करना
vi. विशाल बाजारों की आवश्यकता ने उपनिवेशवाद को बढ़ाया
vii. एशिया और अफ्रीका के देश भी विभिन्न यूरोपीय शक्तियों के उपनिवेश बन कर रह गए।

14.

i. ग्रामीण महिलाएँ खेती के काम में सक्रिय भाग लेती थी, लकड़ियाँ इकट्ठा करती थी, सूत कातती थी, पशुओं की देखरेख करती थी।
ii. औद्योगीकरण के परिणामस्वरूप महिलाओं के काम करने के तरीकों में बदलाव
iii. महिलाओं के शोषण को बढ़ावा
iv. कम मजदूरी के कारण विवशतावश महिलाओं को भी कारखानों में काम करना पड़ा।
v. लगातार घंटों एक ही प्रकार का काम, कठोर अनुशासन और दंड की भयावह परिस्थितियाँ
vi. कम वेतन और अधिक कार्य अवधि
vii. स्वास्थ्य की उपेक्षा, बुरा प्रभाव पड़ा
viii. प्राय: अस्वस्थ बच्चों के पैदा होने के कारण उनकी (बच्चों) की असमय मृत्यु होना
ix. महिलाओं की पुरुषों पर निर्भरता कम हुई
x. उनके आत्मसम्मान में वृद्धि
xi. वित्तिय स्वतन्त्रता मिली
xii. उच्च वर्ग की महिलाओं का जीवन और अधिक सुविधापूर्ण तथा आनन्दमय बना

15.

i. मेजी शासन की स्थापना 1868 ई. में
ii. किसानों से शास्त्र le लेना
iii. दैम्यों की स्वायतता को सिमित करना
iv. दैम्यों को राजधानी में रहने के आदेश
v. भूमि का सर्वेक्षण एवं महत्त्व
vi. व्यक्ति के गुणों को महत्त्व
vii. मूल्यवान धातुओं के निर्यात पर रोक
viii. नाटकों और कलाओं को प्रोत्साहन
ix. लेखकों को प्रोत्साहन
x. नगरों का आकार बढ़ाना

16.

i. उन संदेशों का संग्रह जो खुदा ने पैगम्बर मुहम्मद को 610 ई. से 632 ई. के बीच, पहले मक्का और फिर मदीना में दिए थे।
ii. नौवीं शताब्दी का
iii. अरबी भाषा

114 अध्याय, जिनकी लम्बाई क्रमिक रूप से घटती है। आखिरी सूरह सबसे छोटा।

17.

i. सेंट बनेडिक्ट और बरगंडी
ii. अध्याय 33
iii. भिक्षुओं को कम बोलने की इजाजत, आज्ञा पालन, निजी संपत्ति निषेध, आलस्य का त्याग, श्रम और पाठ का निश्चित समय

18.

i. मेज़ी काल के
ii. मेरोकुशा एक संस्था थी, जो पश्चिमी शिक्षा का प्रचार करती थी।
iii. पश्चिम के आधुनिक कारखानों, संस्थाओं, सांस्कृतिक सारत्व को बढ़ावा दिया
पश्चिमी शिक्षा प्रचार
अपने विचार क्लासिकी नहीं, बल्कि बोलने-चालने की भाषा में लिखे।

19.

1.

आस्ट्रेलिया



आस्ट्रेलिया




2. (i) इंग्लैण्ड, (ii) फ्रॉस, (iii) इटली